Letter Filed

17.07.24

अति आवश्यक नोटिस

विषय :- हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन (हैप्पी) योजना के सम्बन्ध में लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरण लेने के लिए जागरूकता अभियान बारे ।

इस कॉलेज/संस्थान में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को इस नोटिस के माध्यम से अवगत करवाया जाता है कि मान्नीय मुख्यमंत्री महोदय, हरियाणा द्वारा **हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन (हैप्पी)** योजना नाम से एक नई योजना शुरू की गई है, जिनके अन्तर्गत जिन गरीब परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रूपये तक है, उन सभी परिवारों को उक्त योजना के तहत हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की बसों में 1000 किलोमीटर (वार्षिक) तक मुफ्त यात्रा करने की सुविधा प्रदान की गई है तथा लाभार्थियों को एन.सी.एम.सी.(हैप्पी कार्ड) दिया जा रहा है, जोकि डिजिटल प्रणाली युक्त है । इस कार्ड को लेने के लिए लाभार्थी को केवल 50/—रूपये की एकमुश्त लागत का भुगतान इस कार्यालय को करना होगा।

अतः जिन विद्यार्थियों एवं उनके परिवार के किसी सदस्य ने हैप्पी कार्ड लेने बारे हरियाणा राज्य परिवहन, हिसार व हांसी में आवेदन किया हुआ है तथा जिनके पास उनके मोबाईल फोन पर Seq. No. & OTP आया हुआ हैं, वह अपना हैप्पी कार्ड हरियाणा राज्य परिवहन, हिसार व हांसी से किसी भी दिवस (शनिवार व रविवार को भी कार्यालय खुला रहेगा) प्राप्त कर सकता है ।

अधिक से अधिक इस सरकारी योजना का लाभ उठायें ।

हस्ताक्षर

17.07.24

प्राचार्य/प्रधानाचार्य

कॉलेज/संस्थान का नाम Principal Govt. College, Hisar